# लोक शिक्षण संचालनालय
## छत्तीसगढ़

मध्याह्न भोजन योजना Mid Day Meal Scheme

एकीकृत शिक्षा परिसर, पेंशन बाड़ा, रायपुर

फोन नम्बर– 0771-4283025,4283036 फैक्स नम्बर–0771-2445215

E-mail-Id dpi.mdm@gmail.com

मध्याह्न भोजन योजना Mid Day Meal Scheme


**क्रमांक / म0भो0 / कम्प्यू.आ. / 2012 / 709** **रायपुर, दिनांक 22–06–2012**

प्रति,

1. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
2. समस्त सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास

छत्तीसगढ़

विषय –: मध्यान्ह भोजन योजना अन्तर्गत दो कम्प्यूटर आपरेटर रखने संबंधी निर्देश।

———————00———————

मानव संसाधन विकास मंत्रालय शास्त्री भवन नई दिल्ली द्वारा वेब पोर्टल तैयार किया गया है। आगामी दिनों में इस वेब पोर्टल हेतु तैयार किये गये साफ्टवेयर में विकासखण्ड एवं जिला स्तर पर राज्य के शालाओं की वार्षिक ,मासिक एवं त्रैमासिक प्रविष्टि करवाया जाना है ।

मध्यान्ह भोजन योजना के अन्तर्गत कम्प्यूटर आधारित कार्य की अधिकता को ध्यान में रखते हुये एम.एम.ई. मद से कलेक्टर दर से दैनिक वेतन पर, अब दो कम्प्यूटर आपरेटर रखने की अनुमति दी जाती है । इस प्रकार जिन विकासखण्ड कार्यालय / जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पूर्व से एक कम्प्यूटर आपरेटर कार्यरत है वहां एक और कम्प्यूटर आपरेटर रखा जाना है लेकिन जिन कार्यालयों में, पूर्व से ही मध्यान्ह भोजन योजना के अन्तर्गत दो कम्प्यूटर आपरेटर रखे गये है वहां और अतिरिक्त आपरेटर नहीं रखा जावे ।

कलेक्टर दर से दैनिक वेतन पर कम्प्यूटर आपरेटर की यह व्यवस्था पूर्णतः अस्थायी है, अतः इनके लिये किसी प्रकार का कोई नियुक्ति आदेश कार्यालय से जारी नही किया जावे । कम्प्यूटर आपरेटर के लिये कार्यालय में दैनिक उपस्थिति पंजी का संधारण किया जाना है तथा दैनिक उपस्थिति के आधार पर ही उनके मानदेय का भुगतान किया जावे ।

21/6/2012

आयुक्त
लोक शिक्षण संचालनालय
रायपुर छत्तीसगढ़

**पृ. क्रमांक / म0भो0 / कम्प्यू.आ. / 2012 / 710** **रायपुर, दिनांक 22–06–2012**

प्रतिलिपिः–

1) सचिव, छ0ग0 शासन स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय डी.के.एस.भवन रायपुर को सूचनार्थ।
2) आयुक्त,आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास छत्तीसगढ़ रायपुर को सूचनार्थ ।

21/6/2012

आयुक्त
लोक शिक्षण संचालनालय
रायपुर छत्तीसगढ़